अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर (छत्तीसगढ़)
ATAL BIHARI VAJPAYEE VISHWAVIDYALAYA, BILASPUR (CHHATTISGARH)
website: www.bilaspuruniversity.ac.in

क्रमांक/1507 / परीक्षा–गोपनीय/2020 दिनांक 24/ 08 / 2020

//अति–आवश्यक सूचना//

समस्त प्राचार्य एवं विश्वविद्यालय क्षेत्राधिकार अंतर्गत् आने वाले समस्त संबद्ध महाविद्यालयों एवं शिक्षा सत्र 2019–20 की परीक्षाओं में शामिल होने वाले विद्यार्थियों को इस आशय के साथ सूचनार्थ एवं पालनार्थ की भारत सरकार/यू.जी.सी./राज्य सरकार द्वारा समय–समय पर नोवल कोरोना वायरस (COVID-19) से संबंधित जारी दिशा–निर्देशों (सोशल डिस्टेंसिंग/हैण्ड सैनेटाइजिंग/हैण्डवाश/फेस मास्क/फेस शील्ड) का पूर्णतः पालन करते हुए परीक्षा का आयोजन माह **सितम्बर–2020** से कराया जाना प्रस्तावित है।

महाविद्यालयों एवं छात्र–छात्राओं द्वारा परीक्षा आयोजन संबंधी अथवा छात्रों को उत्तर पुस्तिका कब से प्रदान किया जाना है एवं परीक्षा संबंधी अन्य जानकारी हेतु दूरभाष से सम्पर्क किये जा रहे हैं एवं पत्राचार भी किये जा रहे हैं। **इस संबंध में स्पष्टतः सूचित किया जाता है कि परीक्षा आयोजन संबंधी सभी कार्य प्रक्रियाधीन है।** विश्वविद्यालय से शीघ्र सूचना/अधिसूचना नियमानुसार जारी किया जायेगा, तब तक महाविद्यालय तथा छात्र–छात्राएं किसी भी प्रकार से गुमराह न हो साथ ही अन्य माध्यमों से परीक्षा के संबंध में प्राप्त जानकारी/अफवाहों पर ध्यान न देवे।

सभी प्रचार्यों/केन्द्राध्यक्षों/वरिष्ठ केन्द्राध्यक्षों को भी सूचित किया जाता है कि विश्वविद्यालय द्वारा शीघ्र ही विस्तृत दिशा–निर्देश प्रसारित किये जायेंगे। तद्नुसार कार्यवाही करना सुनिश्चित् करें।

आदेशानुसार
(हस्ताक्षर) 24/8/2020
परीक्षा नियंत्रक
अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय,
बिलासपुर (छ.ग.)

पृ. क्रमांक/1508/ परीक्षा–गोपनीय/2020 दिनांक ....

प्रतिलिपिः–

1. माननीय कुलपति महोदय, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर को सूचनार्थ प्रेषित।
2. कुलसचिव, महोदय, अटल बिहारी वाजपेयी विश्वविद्यालय, बिलासपुर को सूचनार्थ प्रेषित।
3. संपादक/संवाददाता, दैनिक.........................समाचार पत्र को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि छात्रहित में इसे विज्ञप्ति के रूप में अपने समाचार पत्र में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
4. विश्वविद्यालय सूचना पटल/महाविद्यालयों के प्राचार्यों के ई–मेल आईडी पर मेल करने हेतु श्री विकास शर्मा को सूचनार्थ प्रेषित।

(हस्ताक्षर) 24/8/2020
अधीक्षक (परीक्षा)

Scanned with CamScanner